"चिंतन शिविर"- फार्मा क्षेत्र के साथ राजकोषीय प्रोत्साहन (एफआई) पर ऑनलाइन हितधारकों की बैठक 3 मई 2023 को सुबह 10:30 बजे

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग 3 मई, 2023 को सुबह 10:30 बजे फार्मा क्षेत्र के साथ एक ऑनलाइन हितधारक मंथन बैठक/चिंतन शिविर का आयोजन करने जा रहा है, ताकि विशेष रूप से फार्मा क्षेत्र पर उद्योग-केंद्रित प्रेरक उपायों/प्रोत्साहन के माध्यम से अनुसंधान एवं विकास में वृहत्तर निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए सक्षम तंत्र और रुपात्मकता पर उद्योग के विचार और सुझाव प्राप्त किए जा सकें।

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग फार्मा हितधारकों को बैठक में सक्रिय रूप से भाग लेने और विभाग द्वारा औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए चुनौतियों और आवश्यक नीतिगत पहलों, यदि कोई हो, पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करता है।

बैठक का लिंक प्रतिभागियों के साथ अलग से ईमेल के माध्यम से साझा किया जाएगा।